पत्र संख्या- परिपत्र -फार्म अनुभाग / 31/0910019 / वाणिज्य कर,

कार्यालय कमिश्नर , वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश
(फार्म अनुभाग)
लखनऊ :: दिनांक :: 5 - 6 - 2009

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर
वाणिज्य कर , उत्तर प्रदेश ।

कतिपय वस्तुओं के परिवहन के दौरान फार्म 21 माल के साथ उपलब्ध होने की व्यवस्था है । वर्तमान में कतिपय कारणों से इस फार्म की कमी है जिससे व्यापारियों को ऐसे माल के परिवहन मे असुविधा का सामना करना पड़ रहा है । अतः अग्रिम आदेशों तक ऐसे माल के परिवहन के लिए निम्न व्यवस्था की जाती है :-

व्यापारी द्वारा माल का परिवहन आरम्भ किये जाने के पूर्व माल के टैक्स इनवायस / सेल इनवायस को दो प्रतियों में (यदि व्यापारी को दो प्रतियाँ प्रस्तुत करने मे कठिनाई हो तो एक मूल प्रति तथा दूसरी फोटो प्रति ) अपने कर निर्धारण अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा । कर निर्धारण अधिकारी निम्न प्रारुप में एक रजिस्टर में उस बिल का इन्द्राज करते हुये मूल प्रति पर मुहरयुक्त हस्ताक्षर व दिनांक अंकित करते हुए उसे पृष्ठांकित करेंगे जिसकी मूल प्रति व्यापारी को तुरन्त वापस कर देंगे तथा दूसरी प्रति / फोटो प्रति अपने कार्यालय मे सुरक्षित रखेंगे जिसे व्यापारी की पत्रावली पर रखा जाएगा । यदि कोई व्यापारी किसी अन्य मण्डल में पंजीकृत है तथा ब्रान्च / डिपो से माल भेजा जा रहा है तो उस ब्रॉन्च / डिपो के संबंधित कर निर्धारण अधिकारी द्वारा ऐसे बिलों का पृष्ठांकन किया जाएगा । व्यापारी ऐसे पृष्ठांकित मूल प्रति के आधार पर माल का परिवहन कर सकेंगे ।

**रजिस्टर का प्रारुप**

| क्र0सं0 | दिनांक | विक्रेता व्यापारी का नाम / पता | बिल नंबर / दिनांक | माल का विवरण | धनराशि | बिल पृष्ठांकित करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

कृपया इन निर्देशों का व्यापाक प्रचार-प्रसार करते हुये कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें ।

5/6/09

(अनिल संत)
कमिश्नर, वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश ।

पृ0प0संख्या एवं दिनांक उक्त ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. प्रमुख सचिव , संस्थागत वित्त कर एवं निबन्धन (अनुभाग -4) उत्तर प्रदेश शासन , सचिवालय , लखनऊ ।
2. समस्त एडीश्नल कमिश्नर ग्रेड-2(वि0अनु0शा0) वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश ।
3. समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर (वि0अनु0शा0/कार्यपालक) वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश ।

(वी0पी0 श्रीवास्तव)
ज्वाइन्ट कमिश्नर (चेकपोस्ट/ फार्म) वाणिज्य कर,
मुख्यालय , लखनऊ ।